# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा को मिला पुरुस्कृत

By **Poonam Sagar** - September 8, 2023

270 0



**बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** डॉ॰ शांति स्वरूप भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य में विज्ञान भारती हरियाणा और राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा 12 अगस्त 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा सुदेशना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवम् महाविद्यालय प्राचार्य डॉ॰ कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय के अनेकानेक विद्यार्थियों को महाविद्यालय के अतिरिक्त बाहर भी अन्य प्रतियोगिता में भागीदारिता के अनेकानेक अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस उपलब्धि पर उन्होंने कुमारी सुदेशना को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विंग-1 के प्रभारी डॉ॰ संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में कुमारी सुदेशना ने प्रतियोगिता में यह स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय को ऐसे विद्यार्थियों पर नाज है।